मॉडल प्रश्न–पत्र–III

कक्षा – बारहवीं

विषय – गृह विज्ञान

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। इसके लिए कुल 15 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 14 और 15 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 16 और 17 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 18 और 19 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 6 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 1. **(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) गृह विज्ञान दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करता है–

(अ) केवल लड़कों की (ब) केवल लड़कियों की

(स) लड़के और लड़कियों की (द) न लड़कों और न लड़कियों की

(2) पोषक तत्व–

(अ) स्वादिष्ट भोजन (ब) जीवन का विकास के लिए आवश्यक

(स) संतुलित आहार (द) भोज्य पदार्थ

(3) चावल का भण्डारण करने में इन्हें प्रयुक्त किया जा सकता है–

(अ) नीम के पत्ते (ब) विशेष आयुर्वेदिक गोलियाँ

(स) नमक और हल्दी (द) इनमें से सभी

(4) मानवीय साधन है–

(अ) ज्ञान (ब) धन

(स) मकान (द) भौतिक वस्तुएँ

(5) पर्यावरण है–

(अ) हवा जिसमें जीव जन्तु सास लेते हैं

(ब) जल भूमि व जीव जन्तु

(स) सभी जीवित व निर्जीव पदार्थ

(द) जल, भूमि और निर्जीव पदार्थ

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 5 = 5)

(1) .... बच्चे बिस्तर गीला करते हैं।

(2) .... बाल्यावस्था और प्रौढ़ावस्था के बीच की अवधि है।

(3) पॉलिएस्टर .... तन्तुहै।

(4) जो परिसज्जा लगभग प्रत्येक वस्त्र पर लगाई जाती है वह .... कहलाती है।

(5) एक ग्राम प्रोटीन से .... किलो कैलोरी मिलती है।

(स) सत्य/असत्य लिखिए– (1 × 5 = 5)

(1) चायपत्ती अविकारीय भोजन है।

(2) बैंक निवेश का उत्तम साधन है।

(3) बच्चे उपभोक्ता नहीं होते।

(4) अंधापन शारीरिक विकलांगता नहीं है।

(5) विकास सिर से पाँव की ओर अग्रसित होता है।

प्रश्न 2. गृह विज्ञान के दो घटक लिखिए। (1+1)

प्रश्न 3. परिवार के कोई दो कार्य लिखिए। (1+1)

प्रश्न 4. भोजन के कोई दो कार्य लिखिए। (1+1)

प्रश्न 5. निवेश किसे कहते है। ? (2)

प्रश्न 6. पर्यावरण निम्नीकरण के दो कारण बताइए। (1+1)

प्रश्न 7. किन्हीं दो आधारभूत परिसज्जाओं की व्याख्या कीजिए। (1+1)

प्रश्न 8. भोजन के पोषक मूल्यों में वृद्धि के तीन विधियाँ लिखिए। (1+1+1)

प्रश्न 9. पैकेजिंग के तीन लाभ लिखिए। (1+1+1)

प्रश्न 10. किशोरावस्था में होने वाली कोई तीन शारीरिक परिवर्तन को लिखिए, लड़कियों में। (1+1+1)

प्रश्न 11. मानसिक विकलांगता किसे कहते हैं ? ऐसे बच्चे की सहायता के दो तरीके लिखिए। (1+1+1)

प्रश्न 12. वस्त्र बनाने की किन्हीं तीन विधियों की व्याख्या कीजिए। (1+1+1)

प्रश्न 13. प्राकृतिक तन्तुओं का वर्गीकरण लिखिए। (1+1+1)

प्रश्न 14. भोजन विनिष्ट होना किसे कहते हैं एवं इसके विनिष्ठ होने के तीन कारण बताइये। (1+3)

अथवा

गुणवत्ता सूचक किसे कहते हैं ? नश्वरता के आधार पर खाद्य पदार्थों का वर्गीकरण बताइऐ।

प्रश्न 15. निवेश योजना के चुनाव को प्रभावित करने वाले कोई चार कारक लिखिए। (1+1+1+1)

अथवा

व्यय योजना बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

प्रश्न 16. शर्करा के स्रोत एवं कार्यों का वर्णन कीजिए। (कोई चार) (1+4)

अथवा

प्रोटीन के स्रोत एवं कार्यों का वर्णन कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न 17. बच्चों के देखभाल की निम्न बिन्दुओं की विवेचना कीजिए। (2½+2½)

(1) आहार (2) आराम व नींद।

अथवा

(1) स्नान (2) उचित वस्त्र।

प्रश्न 18. लक्ष्य किसे कहते हैं ? लक्ष्य बनाने के चार लाभ लिखिए। (2+4)

अथवा

प्रबंधन किसे कहते हैं ? प्रबंधन प्रक्रिया के चरण लिखिए।

प्रश्न 19. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए– (3+3)

(1) कपड़ों का भण्डारण

(2) ड्राई कलीनिंग।

अथवा

(1) बाटिक प्रिंटिंग

(2) ब्लॉक प्रिंटिंग।